राजधानी में इन दिनों शारदीय नवरात्र पर्व की धूम मची हुई है। नगर के विभिन्न स्थानों पर माँ दुर्गा की आकर्षक झांकियाँ सजी हुई हैं। देवी पंडालों में शाम होते ही श्रद्धालु दर्शन करने पहुंचते है। आरती व प्रसाद वितरित होता हैं।

माता मंदिर में नवरात्र पर नौ कन्याओं का पूजन

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः शारदीय नवरात्र पर नुक्कड़ वाली माता मंदिर में बजरंग सेना समिति द्वारा विधि-विधान से नौ कन्याओं का पूजन किया गया। प्रतिदिन सुबह और शाम पूजा-अर्चना के बाद संध्या आरती से पूर्व कन्या पूजन का आयोजन किया जा रहा है।

पं. रवि पटेरिया ने वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजन संपन्न कराया। समिति अध्यक्ष कमलेश देवानी ने नौ कन्याओं को तिलक लगाकर और चुनरी ओढ़ाकर आशीर्वाद लिया। इसके बाद भगवान श्री गणेश, भगवान शिव और श्री हनुमान महाराज की

आरती कर देश की सुख-समृद्धि और शांति के लिए प्रार्थना की गई।

पूजन समारोह में समिति के मुख्य सलाहकार रूप कुमार सोनी, अध्यक्ष कमलेश देवानी, महासचिव गुरदास रामचंदानी, उपाध्यक्ष राज बिजोरिया, जीतू शिवनानी, महेश खटवानी, सचिव बी.के. सेन, राजकुमार धानुक सहित विहिप के भूपेंद्र सिंह गुर्जर, अनिल गौतम, श्याम कनोजिया और अन्य गणमान्य नागरिक व मातृशक्ति उपस्थित रहे।

समिति उपाध्यक्ष के जन्मदिन पर किया कन्या पूजन : बजरंग सेना समिति द्वारा उपाध्यक्ष महेश खटवानी के जन्मदिन पर सीहोर नाका स्थित आंगनवाड़ी केंद्र, न्यू सब्जी मंडी, संत हिरदाराम नगर में नौ कन्याओं का पूजन किया गया। कन्याओं को हार, फूल-माला और फलाहार देकर मां का आशीर्वाद लिया गया। समिति पदाधिकारियों ने खटवानी को जन्मदिन की बधाई दी।

4 से 7 दिसंबर तक इज्तिमा, तैयारियों में जुटा प्रशासन

भोपाल। राजधानी के ईंटखेड़ी में 4 से 7 दिसंबर तक इज्तिमा का आयोजन होगा। इसमें मुस्लिम समाज के लाखों लोगों के शामिल होने की संभावना है। आयोजन को लेकर जिला प्रशासन ने तैयारियां शुरू कर दी हैं। संभागायुक्त कर्मवीर शर्मा ने अधिकारियों और इज्तिमा समिति के पदाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवस्थाओं की समीक्षा की। उन्होंने सभी विभागों को मिनट-दर-मिनट कार्ययोजना तैयार करने और निर्धारित समय-सीमा में काम पूरा करने के निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर प्रियंक मिश्रा, नगर निगम आयुक्त संस्कृति जैन, एसीपी शैलेंद्र सिंह चौहान सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

ग्लोबल स्किल पार्क के 27 प्रशिक्षणार्थियों को मिला अंतरराष्ट्रीय प्लेसमेंट

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने गुरुवार को मंत्रालय में संत शिरोमणि रविदास ग्लोबल स्किल्स पार्क, भोपाल के 27 प्रशिक्षणार्थियों से मुलाकात की। इन प्रशिक्षणार्थियों को गल्फ क्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर रोजगार मिला है।

मुख्यमंत्री ने सभी को बधाई देते हुए उनके सफल करियर और उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर कौशल विकास एवं रोजगार राज्य मंत्री गौतम टेटवाल भी उपस्थित थे।

मुलाकात के दौरान प्रशिक्षणार्थियों ने अपने तकनीकी प्रशिक्षण, चयन प्रक्रिया और विदेश में रोजगार प्राप्त करने के अनुभव साझा किए। पिछले वर्षों में संस्थान में लगभग 97 प्रतिशत प्लेसमेंट दर्ज किया गया है।

सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त होने पर कर्मचारियों में हर्ष

नईदुनिया प्रतिनिधि, भोपालः चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को सहायक ग्रेड-3 के पद पर पदोन्नति के लिए सीपीसीटी की अनिवार्यता समाप्त किए जाने पर कर्मचारी संगठनों ने हर्ष व्यक्त किया। इस निर्णय के स्वागत में 15 अक्टूबर को लोक शिक्षण संचालनालय, भोपाल में स्वागत एवं अभिनंदन कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में अजाक्स के प्रदेश महामंत्री अशोक बैन, लिपिक वर्गीय शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांत उपाध्यक्ष सतीश सोमकुंवर, लघु वेतन कर्मचारी संघ के

विभागीय समिति अध्यक्ष जीतू करिकांत, नीता नायक, रोहित मिश्रा, प्रवेश तोमर, सियाराम नेगी, संतोष बाथम और आशीष सक्सेना सहित बड़ी संख्या में अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

संघ के प्रांत अध्यक्ष महेंद्र शर्मा ने कहा कि शासन के इस निर्णय से प्रदेश के हजारों चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों को पदोन्नति का लाभ मिलने का रास्ता खुलेगा। कर्मचारी संगठनों ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और सामान्य प्रशासन विभाग का आभार व्यक्त करते हुए निर्णय का स्वागत किया।

मंडला थीम पर सजा सांस्कृतिक सिंधी गरबे का मंच

नईदुनिया प्रतिनिधि, हिनप्रः सांस्कृतिक सिंधी गरबा 2026 के पहले दिन गुरुवार शाम लालघाटी स्थित सुंदरवन गार्डन रंग, रोशनी और संगीत से जगमगा उठा। गरबा महोत्सव की शुरुआत भगवान श्री गणेश और मां दुर्गा की आरती तथा प्रतिमाओं के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की गई। इसके बाद गरबा प्रांगण में दीप प्रज्वलित कर महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। इस बार गरबे का पंडाल मंडला थीम पर तैयार किया गया है, जो आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। मुंबई से आए कलाकारों ने मंच से गुजराती, सिंधी और गरबा के विशेष गीतों की प्रस्तुति दी। गीतों की धुन पर उपस्थित प्रतिभागियों ने गरबा खेलना शुरू किया। गरबा प्रांगण में सिंधियत की झलक देखने को मिली। कोई मां दुर्गा की भक्ति में मुकुट धारण कर पहुंचा, तो कोई भगवान झूलेलाल और संत-महात्माओं के स्वरूप में गरबा करने आया। जैसे-जैसे कार्यक्रम आगे बढ़ा, उत्साह चरम पर पहुंच गया। सिंधी समिति के अध्यक्ष मनीष दरयानी और महासचिव नरेश तलरेजा ने बताया कि सिंधी गरबे के 20वें वर्ष में लोगों का उत्साह देखते ही बनता है।

मुख्यमंत्री ने डॉ. कलाम की जयंती पर किया नमन

भोपाल । मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने महान वैज्ञानिक, पूर्व राष्ट्रपति और भारत रत्न डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम की जयंती पर उन्हें नमन किया। डॉ. यादव ने अपने संदेश में कहा कि देश को परमाणु शक्ति संपन्न और रक्षा अनुसंधान के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में डॉ. कलाम का योगदान अविस्मरणीय है। उनका जीवन और विचार आज भी युवाओं को अपने लक्ष्य की प्राप्ति के लिए निरंतर प्रयास करने की प्रेरणा देते हैं।

पेपर लीक और नकल के मामलों की सुनवाई के लिए चार फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित

नप्र, भोपालः मध्यप्रदेश शासन ने प्रतियोगी और बोर्ड परीक्षाओं में नकल तथा पेपर लीक के मामलों की त्वरित सुनवाई के लिए भोपाल, इंदौर, ग्वालियर और जबलपुर में चार विशेष फास्ट ट्रैक न्यायालयों का गठन किया है।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की घोषणा के बाद मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने इनके गठन के निर्देश दिए थे। मध्यप्रदेश फास्ट ट्रैक कोर्ट गठित करने वाला देश का पहला राज्य बन गया है। इन न्यायालयों में आरोप पत्र दाखिल होने के तीन महीने के भीतर मामलों का निपटारा करने का लक्ष्य रखा गया है। मामलों की पैरवी के लिए विशेष अभियोजकों की नियुक्ति की गई है। संबंधित जिलों के पुलिस अधीक्षकों के नेतृत्व में विशेष जांच दल (एसआईटी) भी गठित किए गए हैं।

CHANGE OF NAME

I Tehmina Shekh W/O Abdul Rehman R/O Flat No.LIG 405, Karond Intkhedi sadak PO Arwalia Distt. Bhopal (M.P.). 462038 I declare that My old name was Tehmina Naaz D/O Mohd. Usman. Written in My Marksheet. After Marriage My name is now has to be changed Tehmina Shekh W/O Abdul Rehman in future for all purpose including all the official documentations.

1958

म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम मर्या.

पर्यटन भवन, भदभदा रोड, भोपाल-462003

फोन नं. : +91 755-4027100, 2774340, 42, www.mpstdc.com

क्रमांक 500/यांत्रिकी/पविनि/26 दिनांक: 15.10.2026

निविदा सूचना 356/2026_STDC_543642_1

मध्यप्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम भोपाल द्वारा निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा प्रपत्र APPENDIX 2.10 पर म.प्र. लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:-** म.प्र. राज्य पर्यटन विकास निगम की इकाई विण्ड एण्ड वेव्ज भोपाल में 02 कॉटेजेस के रिनोवेशन, इंटीरियर एवं शेष अन्य कार्य। (06 माह)। कार्य की अनुमानित लागत राशि रु. 590.00 लाख

वेबसाइट पर ऑनलाइन भुगतान कर निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्युमेंट) वेबसाइट के माध्यम से क्रय किये जा सकते है। निविदा प्रपत्र ऑनलाइन क्रय करने की **अंतिम तिथि 30.10.2026 समय सायं 05:00 बजे तक** निर्धारित है। कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट **https://mptenders.gov.in** पर देखा जा सकता है।

म.प्र. माध्यम/128635/2026 **कार्यपालन यंत्री**

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण

दूसरी और तीसरी मंजिल, प्रज्ञा टावर, गिफ्ट सिटी (GIFT City), गांधीनगर गुजरात

IFSCA

फाइल संख्या: 73/IFSCA/ Consultants/2020-21 अक्टूबर 9, 2026

रिक्ति अधिसूचना

अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र प्राधिकरण (IFSCA), भारत सरकार के वित्त मंत्रालय के आर्थिक कार्य विभाग के तहत एक वैधानिक एकीकृत नियामक निकाय है। यह अनुबंध (कॉन्ट्रैक्ट) के आधार पर 'यंग प्रोफेशनल्स'/सलाहकारों (Consultants) के विभिन्न पदों को भरने के लिए पात्र भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित करता है। नियुक्ति का स्थान गिफ्ट सिटी (GIFT City), गांधीनगर, गुजरात है।

2. आवेदन करने के इच्छुक उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे विस्तृत रिक्ति अधिसूचना और जारी किए गए शुद्धिपत्र (corrigenda) के लिए www.ifsca.gov.in/career देखें।

महाप्रबंधक
(General Manager)
सामान्य प्रशासन विभाग
(Dept. of General Administration)

CBC15228/11/0002/2627

कार्यालय नजूल अधिकारी
तहसील कोलार, भोपाल

(मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश, 2020)
(अध्याय दो राज्य शासन के किसी विभाग नजूल भूमि का हस्तांतरण कंडिका 13(2) अध्याय-नौ, प्रकीर्ण कंडिका 142 के अनुसार)

प्र.क्र. 0016/अ-20(3)/2026-27

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल म.प्र. का पत्र क्रमांक 328/आर.एम. शाखा/2026 भोपाल दिनांक 03.09.2026 से **ग्राम सेमरीकलां** तहसील कोलार स्थित भूमि खसरा नम्बर 221, 229, 160, 231 के कुल रकबा 6.6480 हेक्टेयर में से 0.4142 हेक्टेयर भूमि मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पो. लिमि. को पश्चिम बायपास 4 लेन मार्ग निर्माण हेतु म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 अनुसार प्रारूप-1 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि दस्तावेजों सहित प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात् आगामी **15 दिवस तक** इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

म.प्र. माध्यम/128607/2026 (न्यायालयीन मुद्रा) **नजूल अधिकारी कोलार, भोपाल**

कार्यालय नजूल अधिकारी
तहसील कोलार, भोपाल

(मध्यप्रदेश नजूल भूमि निर्वतन निर्देश, 2020)
(अध्याय दो राज्य शासन के किसी विभाग नजूल भूमि का हस्तांतरण कंडिका 13(2) अध्याय-नौ, प्रकीर्ण कंडिका 142 के अनुसार)

प्र.क्र. 0018/अ-20(3)/2026-27

उद्घोषणा

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कार्यालय कलेक्टर जिला भोपाल म.प्र. का पत्र क्रमांक 324/आर.एम. शाखा/2026 भोपाल दिनांक 03.09.2026 से **ग्राम थुआखेड़ा** तहसील कोलार स्थित भूमि खसरा नम्बर 109/1, 94, 217, 149, 203, 105/1, 249, 109/5, 99, 247, 216 के कुल रकबा 18.3530 हेक्टेयर में से 3.8300 हेक्टेयर भूमि मध्यप्रदेश रोड डेव्हलपमेंट कार्पो. लिमि. को पश्चिम बायपास 4 लेन मार्ग निर्माण हेतु म.प्र. नजूल भूमि निर्वतन निर्देश 2020 अनुसार प्रारूप-1 में आवेदन प्रस्तुत किया गया है, जो कि दस्तावेजों सहित प्राप्त हुआ है।

इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस उद्घोषणा के जारी होने के पश्चात् आगामी **15 दिवस तक** इस न्यायालय में स्वयं अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.10.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

म.प्र. माध्यम/128605/2026 (न्यायालयीन मुद्रा) **नजूल अधिकारी कोलार, भोपाल**

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल प्रथम व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खंड, भोपाल

(आदेश 5 नियम 20 व्यवहार प्रक्रिया संहिता 1908 के अन्तर्गत प्रकाशन हेतु)

आरसीएस ए/240/2026
सावित्री बाई बनाम सर्वसाधारण
NEXT DATE :27-11-2026

प्रेषिती, सर्वसाधारण पता- भोपाल एम पी यह कि प्रार्थी सावित्री बाई ने आपके विरूद्ध आरसीएस ए/240/2026 के लिए वाद संस्थित किया है, आपको इस न्यायालय में सूचना के प्रकाशन के 30 दिवस के भीतर वाद का उत्तर देने के लिये उपसंजात / हाजिर होने के लये सम्मन किया जाता है, आप न्यायालय में स्वयं या किसी ऐसे प्लीडर (अधिवक्ता) द्वारा उपसंजात हो सकते है, जिसे सम्यक अनुदेश दिये गये हो और जो इस वाद में संबंधित सभी सारवान कथनों का उत्तर दे सके। आपको यह निर्देश भी दिया जाता है कि उस दिन अपनी प्रतिरक्षा का लिखित कथन प्रस्तुत करें और उस दिन ऐसे सब दस्तावेज जो आपके कब्जे या शक्ति में है पेश करें जिन पर आपका प्रतिरक्षा या मूजराई का दावा या प्रतिदावा आधारित हो, और यदि आप अन्य किसी दस्तावेज पर चाहे वह आपके कब्जे या शक्ति में हो अपनी प्रतिरक्षा या मुजरा के दावे या प्रतिदावे के समर्थन में साक्ष्य के रूप में निर्भर करते है तो ऐसी सभी दस्तावेज की लिखित कथन के साथ उपलब्ध की जाने वाली सूची में प्रविष्टि करें। आपको सूचित किया जाता है कि यदि आप उपर बताई गई अवधि में इस न्यायालय में उपस्थित नहीं होंगे तो वाद की एक पक्षीय सुनवाई कर उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जायेगा। साथ ही यह भी सूचित किया जाता है कि यदि आप निराकरण मध्यस्थ के माध्यम से करने के इच्छुक हैं तो पीठासीन अधिकारी को अवगत करावें। यह आज तारीख 07-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

राहुल कुमार नामदेव, न्यायाधीश
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश कनिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

1957

परिशिष्ट B-संख्यांक 13

जिला एवं सत्र न्यायालय भोपाल पंचम व्यवहार न्यायाधीश, वरिष्ठ खंड, भोपाल
नोटिस प्रकाशन हेतु
उत्तराधिकार ।

एमजेसी एसयूसी/145/2026
शांतनु दास गुप्ता बनाम चीफ कंट्रोलर महोदय
NEXT DATE :23-11-2026

प्रेषिती- सर्वसाधारण आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक शांतनु दास गुप्ता पता निवासी- मकान नंबर-सी-55. मिनाल रेसीडेंसी, जे.के. रोड, भोपाल एवं अन्य पता- ए-1304 द ब्यू टावर रामप्रस्थ नगर, सेक्टर-37-डी गरोली कला, 48 बसी गुडगांव हरियाणा ने मृतक सत्यव्रत दास गुप्ता की राशि/संपत्ति हेतु उत्तराधिकार अथवा अभिभावक/संरक्षक नियुक्ति प्रमाण पत्र प्राप्त करने के लिए इस न्यायालय में आवेदन किया है जिसकी सुनवाई दिनांक 23-11-2026 को नियत है। यदि किसी व्यक्ति को उक्त प्रकरण में आवेदक को उक्त मृतक का उत्तराधिकारी अथवा अभिभावक संरक्षक होने संबंधी प्रमाण पत्र जारी किए जाने में कोई आपत्ति हो अथवा उक्त प्रकरण में वह अपना हक समझता हो तो पेशी दिनांक 23-11-2026 को न्यायालय में स्वंय अथवा अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित रहे। सूचना उपरांत यदि अनुपस्थित रहे तो प्रकरण की सुनवाई एकपक्षीय की जाकर प्रकरण का निराकरण किया जावेगा। यह आज तारीख 07-10-2026 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा लगाकर दिया गया है। **कृपया ध्यान दें :-** यदि किसी कारणवश उक्त तिथि को न्यायालय अवकाश पर रहेगा तो आगामी कार्यदिवस पर यह प्रकरण सुनवाई में लिया जावेगा।

श्रीमती मेघा अग्रवाल, न्यायाधीश
पंचम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ खण्ड भोपाल (म.प्र.)

1956

कार्यालय, राजस्व निरीक्षक वृत्त-01 रापडिया तहसील-कोलार, जिला-भोपाल, मप्र.

क्रं./रा.नि./2026 भोपाल. दि. 09/10/2026

सूचना-पत्र

प्रति,1- श्रीमती सुनीता गौतम पत्नी श्री भीमसेन गौतम निवासी एम.आई.जी. 11 आर के इनक्लेव बाग मुंगालिया भोपाल 2- ऋषभ गौत्तम पिता श्री भीमसेन गौतम. नवासी, एम.आई.जी.11 आर के इनक्लेव बाग मुंगालिया भोपाल। 3- चंचल गौतम पिता भीमसेन गौतम निवासी, एम.आई.जी. 11 आर के इनक्लेव बाग मुंगालिया भोपाल। 4- श्री सुदामा पिता श्री लक्ष्मीनारायण निवासी भोपाल। 5- श्रीमती भूरीपाल पत्नी श्री घीसीलाल निवासी भोपाल। 6- विशाल मीना पिता स्व. नवलमीना निवासी चन्देरी रापडिया भोपाल। 7- मुरीवाला इन्फास्ट्रक्चर भागीदार धीरज श्रीवास्तव पिता मैथलीशरण श्रीवास्तव निवासी मिनाक्षी प्लानेट सिटी बाग मंगालिया भोपाल। 8- सर्वे साधारण को सूचनार्थ एवं अन्य पडोसीगण। **विषय:** - बटानं एवं बटवारा किये जाने हेतू बाबत् सूचना-पत्र आप सभी व्यक्तियों को सूचित किया जाता है कि न्यायालय तहसीलदार तहसील-कोलार, जिला-भोपाल के राजस्व प्रकरण क्रमांक-/अ-27/2026-27 मे आवेदिका श्रीमती सुनीता गौतम एवं ऋषभ गौतम पिता श्री भीमसेन गौतम एवं चंचल गौतम पिता भीमसेन गौतम निवासी, एम.आई.जी. 11 आर के इनक्लेव बाग मुंगालिया भोपाल द्वारा ग्राम-पिपलियाकुंजनगढ प.ह.नं. . रा.नि. मं-01 रापडिया, तहसील-कोलार, जिला-भोपाल में स्थित भूमि खसरा क्रमांक 2/2/1 रकबा 1.8060 हेक्टेयर का राजस्व अभिलेख में बटानं एवं बटांवारा कराने हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया गया है न्यायालय नायब तहसीलदार महोदय के आदेश पालन में राजस्व अभिलेख में बटांन बटवारा कराने हेतु कार्यवाही कर फर्द नक्शा, फर्द बटवारा, स्थल पंचनामा, सूचना-पत्र के साथ जांच प्रतिवेदन न्यायालय में प्रस्तुत किया जाना है। अत: उपरोक्त कार्यवाही दिनांक 22/10/2026 को आवेदित स्थल पर समय 12:00 बजे की जायेगी। जिसके संबंध में सूचना-पत्र जारी किया गया।

राजस्व-निरीक्षक
तहसील कोलार भोपाल (म.प्र.)

1955

न्यायालय नजूल अधिकारी, तहसील-कोलार, भोपाल

प्रकरण क्रमांक /अ-6/2025-26

इश्तहार

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रकरण में आवेदक श्री आयुष गर्ग व अन्य दो पुत्रगण श्री संजीव कुमार गर्ग निवासी-म.न. 8, गली न. 1, इब्रहीमपूरा सिटी कोतवाली थाने के पीछे, भोपाल (म.प्र.) के द्वारा ग्राम-शाहपुरा स्थित भुखण्ड क्रमांक ई-2/76, अरेरा कॉलोनी भोपाल क्षेत्रफल 5264.4 वर्गफिट भूमि नामांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। इस संबंध में किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वह इस इश्तहार के जारी होने के दिनांक से 15 दिवस के भीतर इस न्यायालय में स्वंय अथवा अपने अभिभाषक के माध्यम से आपत्ति प्रस्तुत करे। समयावधि पश्चात् आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। आज दिनांक 15/10/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालयीन मुद्रा से जारी किया गया।

नजूल अधिकारी,
तहसील कोलार भोपाल

1954

कार्यालय सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक जिला चिकित्सालय अशोकनगर (म.प्र.)

क्र./ई-निविदा/20261/12987 **अशोकनगर, दिनांक 06/10/202.6**

संक्षिप्त विज्ञप्ति

ऑनलाईन ई-निविदा आमंत्रण सूचना/2026-27 (अनुबंध दिनांक से एक बर्ष हेतु)

जिला अशोकनगर में स्वास्थ्य विभाग (सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक अशोकनगर) के अन्तर्गत वर्ष 2026-27 के लिये स्वास्थ्य संस्थाओं में लिफट के लिये एजेन्सी के चयन हेतु अनुबंध दिनांक से एक वर्ष हेतु वार्षिक दर पर अनुबंध किये जाने हेतु ऑनलाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदायें ई-निविदा प्रणाली आध्धरित म.प्र. शासन द्वारा संचालित ई-टेंडरिंग बेवसाईट www.mptenders.gov.in के माध्यम से आमंत्रित की जाती है निविदा प्रपत्र ई-वेवसाईट www.mptenders.gov.in पर नियत दिनांक से डाउनलोड किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन

S.No	Online Tender Id	Tender Descript ion	Tender Fees	Publishing Date	Download/Sale started date	Prebid Meeting date	Submission started date	Submission End date	Submission End date
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10
1		Lift	500	15-10-2026 At 10:30 Hrs	15-10-2026 At At 10:30 Hrs	17-10-2026 At 16:00 Hrs	17-10-2026 At 16:30 Hrs	25-10-2026 At 17:30 Hrs	26-10-2026 At 17:30 Hrs

किया जा सकेगा एवं ऑनलाईन नियम दिनांक से ऑनलाईन निर्धारित शुल्क ऑनलाईन जमा कर निविदायें क्रय की जावेंगी। विभिन्न प्रकार की निविदाओं के संबध में निविदा नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में वर्णित रहेंगी। ऑनलाईन निविदाओं का विवरण निम्नानुसार है:-

नोट :-

1. ऑनलाइन निविदा निविदाओं में किसी भी प्रकार का संशोधन आवश्यक होने पर ई-टेंडरगि बेवसाईट www.mptenders.gov.in पर अपलोड किया जावेगा। इसकी पृथक्क से (ई-मेल/पत्र के माध्यम से) सूचना प्रसारित नहीं की जावेगी निविदाकार द्वारा स्वयं की ई-टेण्डरिंग लॉगिन आईडी के माध्यम से संबंधित निविदा में संशोधन को देखा जा सकेगा।
2. निविदाएँ ऑनलाईन ही मान्य की जावेगी।
3. निविदाओं के संबंध में नियत दिनांकों में निविदाओं की कार्यवाही पूर्ण न होने पर अथवा शासकीय अवकाश होने की स्थिति में आगामी कार्य दिवस में निविदा प्रक्रिया की कार्यवाही पूर्ण की जावेगी।
4. निविदा की दिनांक व समय से संबंधित सूचना ऑनलाईन साईड www.mptenders.gov.in पर

जी-20036/26

सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक
जिला अशोकनगर (म.प्र.)